ACT Bilingual Education Alliance

अपनी मातृ भाषा बनाए रखें - अपने बच्चे के भविष्य को बढ़ाएँ

अपने बच्चों को बचपन से अपनी मातृ भाषा में बोलने और लिखने के लिए प्रोत्साहित करना बहुत महत्वपूर्ण है

अपने बच्चों की भाषा और साक्षरता कौशल का निर्माण अपनी मातृ भाषा में करने से:

- वे परिवार से जुड़े रहेंगे
- पहचान और अपनेपन की भावना का विकास करेंगे
- बेहतर पाठक, श्रोता और संचारक बनेंगे
- स्कूल में सफलता प्राप्त करेंगे
- उन्हें भविष्य में अध्ययन, रोजगार और यात्रा के कई अवसर मिलेंगे

परिवार की भाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखना या एक ही समय में दोनों भाषा सीखना, अधिक समय ले सकता है, लेकिन आपका बच्चा वंचित नहीं रहेगा।

अनुसंधान से पता चला है कि जो बच्चे दो या दो से अधिक भाषाओं में प्रवीण हैं वे

- **अधिक रचनात्मक होते हैं, हर पहलु को सोच सकते हैं और समस्याओं को आसानी से सुलझा लेते हैं**
- **स्मृति और एकाग्रता कौशल में सुधर होता है**

दो भाषाएं एक भाषा से बेहतर हैं

आप कैसे मदद कर सकते हैं?

मजबूत भाषा कौशल विकसित करने के लिए बच्चों को मात्रा और गुणवत्ता भाषा की आवश्यकता होती है। आप मातृ भाषा के मुख्य प्रदाता के रूप में, उन्हे सहायता प्रदान कर सकते हैं।

- जितना हो सके आप अपनी मातृ भाषा में बोलें - रोजमर्रा की बातचीत में, परिवार की दिनचर्या और परिवार के समारोहों के दौरान।
- अपने परिवार या सामाजिक समूह में सभी को प्रोत्साहित करें कि वे जितना संभव हो सके उतनी अपनी मातृ भाषा में बोलें।
- गाने गाएं, मातृ भाषा में कहानी सुनाएं, पारंपरिक कहावतें और कविता सुनाएं।
- हर रोज़ एक साथ पढ़ें। जो भी पढ़ रहे हैं उसके बारे में बात करें।
- सभी प्रकार के लेखन का अन्वेषण करें: उदाहरण के लिए पत्रिकाओं और समाचार पत्रों के साथ-साथ पुस्तकें (चित्र पुस्तकें, कॉमिक्स, कहानियाँ या गैर काल्पनिक कहानियाँ)। ऑनलाइन जानकारी मत भूलना, जिसमें ई-बुक्स या ऐप जो प्रिंट, ध्वनि और चित्रों को जोड़ती हैं।
- द्विभाषी किताबें पढ़ें या अंग्रेजी में लिखी कहानियों और लेखों के बारे में बात करते समय, मातृ भाषा का उपयोग करें।
- बच्चो को घर का पाठ या परियोजनाओं में मदद करते समय, मातृ भाषा का उपयोग करें।
- डीवीडी, टेलीविजन या ऑनलाइन पर मातृ भाषा में कार्यक्रम और फिल्में देखें। आप अंग्रेजी उपशीर्षक को चुन सकते हैं।
- मज़े करें। मातृ भाषाओं में संगीत और खेल खेलें।

यह बात ठीक है कि कभी-कभी, मातृ भाषा में जो कहा या लिखा जाता हो, इसकी तुलना अंग्रेजी मे की जाती है। यह दोनों भाषाओं में मानसिक लचीलापन, शब्दावली और व्याकरण विकसित करने में मदद करता है।

FOR MORE INFORMATION AND TO CONTACT OTHER BILINGUAL FAMILIES IN THE ACT

- Visit the ACT Bilingual Education Alliance website at https://actbilingual.weebly.com/ or follow on Facebook @ACTBEA
- Join the Facebook group: Canberra Bilingual Families

Some References

- *The benefits of Multilingualism*: http://www.multilingualliving.com/2010/05/01/the-benefits-of-multilingualism-full-article/
- *What the research shows*: https://www.actfl.org/advocacy/what-the-research-shows
- *Place of first language*: http://www.tesol.org.au/Advocacy/Place-of-First-Language